भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1389
12 फरवरी, 2021 को उत्तर देने के लिए

ओडिशा में खाद्य जांच और प्रमाणन प्रयोगशालाएं

1389. श्री अश्वनी वैष्णव:

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) ओडिशा में खाद्य जांच और प्रमाणन प्रयोगशालाओं की संख्या, उनके नाम और विस्तृत पते का ब्यौरा क्या है; और

(ख) ओडिशा में मामलों, फलों और सब्जियों के लिए खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना को बढ़ावा देने के लिए कौन-कौन सी योजनाएं कार्यान्वित की गई हैं?

उत्तर

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क) वर्तमान में ओडिशा राज्य में दो खाद्य परीक्षण और प्रमाणन प्रयोगशालाएं हैं नामत:

1. कल्याणी लेबोरेटरीज प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नंबर 78/944, बलियंता, पहला, भुवनेश्वर-752101; और
2. राज्य जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला, कॉन्वेंट स्क्वायर, भुवनेश्वर -751001

इसके अलावा, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय ने ओडिशा में निम्नलिखित खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं को वित्तीय सहायता भी प्रदान की है। वे इस प्रकार हैं:

क्र.सं.	परियोजना का नाम	अवस्थिति
1	कल्याणी लेबोरेटरीज प्राइवेट लिमिटेड, भुवनेश्वर।	भुवनेश्वर
2	राउत एजुकेशन ट्रस्ट, बिद्या नगर, महौरा, जनला	भुवनेश्वर
3	केआईआईटी विश्वविद्यालय, पाटिया भुवनेश्वर।	भुवनेश्वर
4	विजनटेक कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड भुवनेश्वर	भुवनेश्वर

(ख) खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय 2016-20 की अवधि के लिए 6000 करोड़ रुपये के आवंटन के साथ एक केंद्रीय क्षेत्र अम्ब्रेला योजना - प्रधानमंत्री किसान सम्पदा योजना - (पीएमकेएसवाई) लागू कर रहा है। इस अंब्रेला योजना के तहत, निम्नलिखित योजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं:

i. मेगा फूड पार्क,
ii. एकीकृत शीत श्रृंखला एवं मूल्यवर्धन अवसंरचना,
iii. कृषि-प्रसंस्करण क्लस्टर अवसंरचना,
iv. बैकवर्ड एवं फारवर्ड लिंकेज सृजन,
v. खाद्य प्रसंस्करण एवं परिरक्षण क्षमता सृजन/विस्तार,
vi. खाद्य संरक्षा गुणवत्ता आश्वासन अवसंरचना,
vii. मानव संसाधन एवं संस्थान और
viii. खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के समग्र विकास के लिए ऑपरेशन ग्रीन्स।

ये योजनाएं मांग आधारित हैं और मसालों, फलों और सब्जियों सहित खाद्य प्रसंस्करण के विभिन्न क्षेत्रों में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ओडिशा राज्य सहित देश के सभी भागों से पात्र आवेदकों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है ।

******